जमीनी रंजिश में मारपीट, एक गंभीर, 11 पर मुकदमा दर्ज

बांसी(सिद्धार्थनगर)। पथरा बाजार थाना क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार की शाम को ग्राम बभनपुरवा में जमीनी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर सुनियोजित तरीके से



हमला बोल दिया और लोगों को बुरी तरह से घायल कर दिया। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे चिकित्सकों ने केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के अनुसार 11लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पथरा थाना क्षेत्र के बभनपुरवा गांव निवासी वादी केशव प्रसाद पाण्डेय , राम उजागिर के भाई ध्रुपचंद्र पाण्डेय (40) चंदन पुत्र केशव (26) तथा चचेरे भाई हरिश्चन्द्र पुत्र दीनानाथ पाण्डेय को लाठी डंडे, फरसा, व बंदूक के बट से मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। जिसमे ध्रुप चन्द्र पाण्डेय की हालात को गम्भीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां उनका के जीएमयू लखनऊ में इलाज चल रहा है।

मामले में पुलिस ने केशव प्रसाद की तहरीर के आधार पर अनिल पुत्र हरीराम (40), अतुल पुत्र अनिल (24), कृष्ण गोपाल पुत्र अंगद(58), बेचन पुत्र अंगद (70), मनमोहन पुत्र कृष्ण गोपाल (28), सोनू पुत्र कृष्ण गोपाल (32), मुकेश पुत्र बेचन (41), विपिन पुत्र बेचन (35), रिंकू पुत्र बेचन (40), संदीप पुत्र बेचन (32), रमन पुत्र मुकेश (20) के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 88/2026धारा 189, 190, 191(2), 110, 117(2), 115(2), 352, 351(3), 333 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

आग लगने से फूस का मकान जलकर राख, परिवार बेघर

बांसी(सिद्धार्थनगर)। चेतिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा में बीते सोमवार की रात्रि लगभग 10 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से फूस के घर में आग लग जाने से पूरा घर जल कर राख हो गया। रेहरा पश्चिमडीह कुसुम पत्नी प्रदीप के घर में अज्ञात कारणों से आग लगी। धुआं उठते देख जब तक लोग कुछ कर पाते आग अपना विकराल रूप ले चुका था। देखते ही देखते लोगों के सामने पूरा घर जलकर राख हो गया। घर के अंदर रखा सामान, अनाज, कपड़े सब खत्म हो गये। घटना के बाद पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया। घटना की सूचना पर चेतिया चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल किये। सुबह राजस्व विभाग के लोग मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और सरकारी सहायता का आश्वासन भी दिये। कुसुम का पति बाहर रहता है। घटना के समय कुसुम अपने बच्चों के साथ घर में रह रही थी ।

कटेश्वरनाथ मंदिर में 1100 दीपों से जगमगाया परिसर, भव्य दीपोत्सव आयोजित

इटवा (सिद्धार्थनगर)। खुनियांव विकास खंड के प्रसिद्ध कटेश्वरनाथ शिव मंदिर परिसर में सोमवार की शाम भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

इस दौरान 1100 दीप प्रज्वलित कर मंदिर परिसर को रोशनी से जगमगा दिया गया। दीपों की आकर्षक छटा से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।

बाबा कटेश्वरनाथ शिव सेवा संस्थान एवं शिव परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अगुवाई संस्थान के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने की। शाम होते ही मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित करने का सिलसिला शुरू हुआ। दीपों से सजे मंदिर का दृश्य श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

दीपोत्सव के बाद प्रत्येक सोमवार की परंपरा के अनुसार बाबा कटेश्वरनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद विधि-विधान से आरती



संपन्न हुई। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्थान के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में भक्ति, आस्था और आपसी सद्भाव की भावना मजबूत होती है। शिव परिवार की ओर से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे लोगों को अपनी धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर प्रिंस मिश्रा, राकेश शांडिल्य, विंदराज गिरी, शुभम, अजय पटवा, उदय भान, वीरेंद्र गुप्ता, उत्तम चैरसिया, अमन तिवारी, मनोज त्रिपाठी, अमित पटवा सहित शिव परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। दीपोत्सव श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

सिध्दार्थ नेत्रालय में मनायी गयी दीपावली

बढ़नी(सिद्धार्थनगर)। स्थानीय उपनगर स्थित सिध्दार्थ नेत्रालय में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का



पर्व पूरे नेत्रालय भवन को विद्युत झालरों से सजाया गया । वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा0 नदीम अहमद के नेतृत्व में अस्पताल के सभी कर्मचारियों को मिष्ठान भेट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर शुभम सिंह, पंकज कुमार, तनवीर आलम ,अदनान, सुमामा, आसिफ, इसरार, मारिया खान, फहीमा, ज्योति कश्यप, प्रियंका, अनुराधा,आसिम खान, अतुल शुक्ला,सैफ हनफी,तरवेज आहमद, अमन अहमद,जाबेद अहमद, चेतन पाण्डेय, राकेश कुमार,संदीप कुमार, ज़ीशान अहमद,भानू यादव सहित सभी बटाफ उपस्थित रहे।

पुलिस ने 01 नफर वाँछित को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

बांसी(सिद्धार्थनगर)। डा अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण रामकृष्ण मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 10 11 2026 दिन मंगलवार को मुकदमा अपराध संख्या 159 2026 धारा 191;2 ए115;2 ए352 351;3 316;2 126; 76ए70;1 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मो0 शमी पुत्र अहमद हुसैन निवासी ग्राम बन्हैती थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र लगभग 30 वर्ष को नरायनपुर मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त मो0 शमी पुत्र अहमद हुसैन निवासी ग्राम



बन्हैती थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर का मूल निवासी है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ए उपनिरीक्षक श्यामसुन्दर चौकी प्रभारी कुर्थिया ए कांस्टेबल चन्दन सिंह ए कांस्टेबल आवेश यादवए कांस्टेबल मिथिलेश पासवान थानाए कांस्टेबल देवानन्द गौतम मौजूद रहे।

दो बाइकों के आमने सामने भिड़न्त में एक युवक की मौत, दो घायल

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के पकड़ी-शोहरतगढ़ मार्ग पर रेहरवा के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़न्त में 20 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गये और हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें एक की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं मृतक की पहचान जोगिया थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरहवा निवासी 20 वर्षीय मयंक मौर्य पुत्र राम चन्दर के रूप में हुई है। हादसे में इसी गांव के गोलू पुत्र रामबचन भी घायल हो गये। जबकि दूसरी बाइक पर सवार शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खरगवार निवासी 40 वर्षीय शेषराम पुत्र राममिलन के सिर में गम्भीर चोट आयी है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद विजय माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जबकि दूसरे घायल को मामूली चोटें आयी हैं। युवक की असमय मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।



गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

इटवा (सिद्धार्थनगर)। मिश्रौलिया थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को 24 घंटे



के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद मंगलवार को उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मिश्रौलिया थानाध्यक्ष रामदेव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। मिश्रौलिया थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 185/2026 की धारा 2(बी)(आई) व 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत वांछित अभियुक्त अमित निषाद पुत्र तुलसीराम, निवासी ग्राम नागचैरी, थाना मिश्रौलिया को पुलिस ने 9 नवंबर को ग्राम नागचैरी से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर 10 नवंबर को उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक द्विग्विजय नाथ दूबे, कांस्टेबल अवधेश कुमार और कांस्टेबल आकाश यादव शामिल रहे।

हर्षोल्लास मनी गयी प्रकाश पर्व दीपावली

इटवा (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय कस्बे सहित संपूर्ण तहसील क्षेत्र में प्रकाश पर्व दीपावली बड़े धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार, स्थानीय कस्बे में मिठाइयों की दुकानें सजी रहीं। बाजार में लोगों की चहल-पहल से नई रौनक दिखाई पड़ रही थी। शाम होते ही बाजार और गली-मोहल्लों के घरों पर मोमबत्तियों और इलेक्ट्रॉनिक लाइटों से घर व दुकानें जगमगा उठीं। बच्चों और नवयुवकों ने जमकर पटाखे दागकर आनंद लिया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गणेश-लक्ष्मी की पूजा-अर्चना से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

नेशनल इंटर कॉलेज मुंडाडीहा बेग के पूर्व प्रधानाचार्य अबू बकर का निधन

सेमरियावां, संतकबीरनगर। विकासखंड सेमरियावां के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान नेशनल इंटर कॉलेज मुंडाडीहा बेग के पूर्व प्रधानाचार्य अबू बकर साहब के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षा जगत, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में शोक व्याप्त हो गया। नमाज-ए-जनाजा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अबू बकर साहब शिक्षा जगत की एक सम्मानित और प्रतिष्ठित शख्सियत थे। प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के बाद भी उनका शिक्षकों, विद्यार्थियों और क्षेत्र के लोगों से गहरा जुड़ाव बना रहा। वे बेहद सज्जन, शरीफ, सादगी पसंद और नफासत पसंद इंसान थे। अपने सरल स्वभाव, अनुशासनप्रियता और बेहतर व्यवहार के कारण उन्होंने समाज में विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनके हजारों शिष्य आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके निधन को क्षेत्र ने शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति के रूप में देखा है। एस,ए,एम पब्लिक स्कूल सेमरियावां,नेशनल इंटर कालेज ,तुरूल करीम पब्लिक स्कूल सेमरियावां, अलहुदा पब्लिक स्कूल सेमरियावां ,जूनियर हाई स्कूल सेमरियावां आदि स्कूल कॉलेज में शोक सभा का आयोजन किया गया। उनके निधन पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं सपा नेता मोहम्मद अहमद,हाजी मशहूर आलम चौधरी,मुनीर हसन चौधरी, प्रिंसिपल मुजीबुल्लाह, इनमुल्लाह सिद्दीकी, शमशेर अहमद मैनेजर, फैजान अहमद मैनेजर, फुजेल अहमद नदवी मैनेजर, मौलाना निसार अहमद नदवी, शिक्षक जफीर अली करखी,मो मोकर्रम एडोकेट, डॉ मो मोईन खान,सर्व जीत, बदरे आलम,मो कासिम सिद्दीकी,मोहम्मद आजम, मोहम्मद शोएब अख्तर, अब्दुर्रहीम, जे.डी. अंसारी, ग्राम प्रधान अफजाल अहमद, ग्राम प्रधान अबरार अहमद, लक्ष्न चौधरी,प्रो. खलील अहमद अलीग, मनोज कुमार अनिल, फूलचंद, बैरागी, कमरे आलम सिद्दीकी, मुख्तार आलम सिद्दीकी, सुहेल अहमद, एजाज मुनीर और एजाज अहमद करखी,मो अदनान,मसरूर खान,मो परवेज अख्तर,मुनव्वर खान,महेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि अबू बकर साहब का व्यक्तित्व हमेशा लोगों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं और अपने व्यवहार से जो सम्मान अर्जित किया, उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। लोगों ने दिवंगत की मगफिरत के लिए दुआ करते हुए परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

व्यवसाई के निधन पर शोक

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। कस्बा के आद्या प्रसाद नगर वार्ड के निवासी मिष्ठान व्यवसाई एवं मशहूर भंडारी शिव कुमार मोदनवाल का लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि मे निधन हो गया । इनका अंतिम संस्कार मंगलवार को कस्बा से सटे कुड़ा नदी के उसकी में स्थित शमशान घाट पर किया गया है। इनके निधन पर चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल, वार्ड के सभासद सूरज मोदनवाल, अनूप मोदनवाल, अनिल मोड़वाल, राज नारायण पाण्डेय, शिव जायसवाल, सत्य प्रकाश वर्मा, मनोज जायसवाल, सोमनाथ मिश्र आदि ने शोक व्यक्त किया और दो मिनट के मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

दीपावली पर्व पर पूर्व नपा अध्यक्ष ने कर्मचारियों को दिया उपहार

बांसी(सिद्धार्थनगर)। प्रकाश पर्व दीपावली के पावन अवसर पर समाजवादी पार्टी नगर कार्यालय, नरकटहाँ, में नगर पालिका के कर्मचारियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका परिषद बांसी के अध्यक्ष मोहम्मद इद्रीस राईनी पटवारी ने नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों को उपहार भेंट कर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख व समृद्धि की कामना किया।

इस अवसर पर मो इद्रीस राईनी पटवारी ने कहा कि दीपावली का त्यौहार आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द और समूचे समाज में प्रकाश फैलाने का पर्व है। समाज के विकास एवं स्वच्छता को भव्यता प्रदान करने में नगर पालिका कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उनके योगदान का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है।



इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारियों ने उपहार प्राप्त कर मोहम्मद इदरीश पटवारी का आभार व्यक्त किया और एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यक्रम में आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर इशरत जमील रिज़वी, सैय्यद मो कुतुब,कपिल देव, करीम राईनी, सन्नू, शब्बू, सुधीर कुमार मौर्य, अरुण कुमार गुप्ता और बरकत अली राईनी आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

हत्या के प्रयास के मामले में 10-10 हजार के इनामी दो अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। मेंहदावल थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे 10-10 हजार रुपये के दो इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मंगलवार को विसुवा बाजार के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अंकुश सिंह उर्फ अंकुर पुत्र श्यामसुंदर सिंह उर्फ पप्पू सिंह तथा इंद्रजीत सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह निवासी कुड़वा, थाना मेंहदावल, जनपद संतकबीरनगर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 27 मई 2026 को अवधेश पुत्र केसर निवासी थाना मेंहदावल ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके भाई के साथ धारदार हथियार से मारपीट की थी। इस मामले में मेंहदावल थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 217/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में दोनों आरोपी वांछित चल रहे थे। पुलिस ने दोनों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा, कांस्टेबल अमेरिका प्रसाद, लालजी गौड़, मनीष कुमार और रामबाबू साहू शामिल रहे।

अज्ञात कारणों से लगी आग, आशियाना जलकर खाक

सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र मिश्रौलिया अन्तर्गत चेतिया चौकी स्थित ग्राम पंचायत रेहरा में दीपावली के दूसरे दिन सोमवार दिनांक 09/10 की रात्रि में दीपक से आग लग गई, जिसके कारण घर/झोंपड़ी जलकर खाक हो गई और दीपावली की खुशियां मातम में बदल गईं। विकास खण्ड बांसी के ग्राम पंचायत रेहरा में अचानक आग लग गई। ग्राम पंचायत रेहरा निवासिनी कुसुम पत्नी प्रदीप ने बताया कि उन्होंने घर में अज्ञात कारणों से लगी आग। पहले लोगों ने इसे मामूली समझा, लेकिन हवा के साथ आग तेजी से फैल गई।

देखते ही देखते आग ने पूरे आशियाने को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा सामान, अनाज, कपड़े और जरूरी कागजात भी जल गये। ग्रामीणों ने बाल्टी और पानी से आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन तब तक आशियाना जलकर खाक हो चुका था। घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले में आ गया है। वहीं उक्त घटना की सूचना मिलते ही चेतिया चौकी प्रभारी मृत्युंजय मिश्र तत्काल हेड कांस्टेबल प्रकाश सिंह, कांस्टेबल सुधांशु मिश्रा मौके पर पहुंचे और क्षेत्र लेखपाल पुलकित माहेश्वरी की अनुपस्थिति में प्रभारी लेखपाल अमितेश कुमार के साथ नुकसान का आकलन किया गया। जबकि सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश यादव ने अग्नि पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री का प्रबन्ध कराया तथा प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मदद, मुआवजा और पुनर्वास की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि दीपावली पर दीप जलाते समय सावधानी बरतें।



जयकारों के बीच मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन

मेंहदावल / बखिरा! तरकुलवां में 22 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा के वार्ड नंबर 7 तरकलुवा में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित होने से श्रद्धालुओं में इस बार दिखा मां के भक्तो में विशेष उत्साह। प्रतिमा विसर्जन के दौरान क्षेत्र में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

श्रद्धालुओं ने नम आंखों और जयकारों के बीच मां लक्ष्मी को विदाई दी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

गौरतलब है कि वर्ष 2004 में हुए विवाद और दंगों के बाद तरकुलवा क्षेत्र में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना पर प्रशासन द्वारा रोक लगा दी गई थी।

इसके चलते पिछले 22 वर्षों से ग्रामीणों की प्रतिमा स्थापना की मांग अधूरी रही थी। इस वर्ष उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों ने एक बार पुनः प्रयास किया। शासन एंव प्रशासन के सकारात्मक रुख और जनप्रतिनिधियों के प्रयास से प्रतिमा स्थापना का रास्ता साफ हो गया । जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की मांग को शासन और प्रशासन तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी इस संबंध में बातचीत हुई, जिसके बाद प्रशासन ने ग्रामीणों की भावनाओं को देखते हुए प्रतिमा स्थापना की अनुमति प्रदान की। आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए



प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए थे।

गांव में दो कंपनी पीएसी और करीब 250 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। साथ ही ड्रोन के माध्यम से भी पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने 25 लोगों को पाबंद किया था। डीएम अनुज मलिक और एसपी संदीप कुमार मीना लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। एसडीएम हृदयराम तिवारी ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा की अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा राय भीं निकाय के समस्त कर्मचारियों के साथ मुस्तैद रहीं। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की सतर्कता के चलते पूरा आयोजन मंगलवार की देर रात्रि तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

लंबे समय से चली आ रही ग्रामीणों की मांग पूरी होने के साथ ही क्षेत्र में धार्मिक आयोजन की नई परंपरा की शुरुआत हुई।

नई टाटा अल्ट्रा एसी रूट बस का विधि-विधान से पूजन

संतकबीरनगर। जिले के समेत कई अन्य जिले के क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई टाटा अल्ट्रा एसी रूट बस का पूजन कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लाल बहादुर यादव के बैदौली स्थित आवास पर विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर परिवार के सदस्यों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में बस की पूजा-अर्चना कर सफल एवं मंगलमय संचालन की कामना की गई।कार्यक्रम में पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर परिवहन सुविधाएं आम जनता के लिए काफी उपयोगी साबित होती हैं। नई बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

इस दौरान लाल बहादुर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि नई टाटा अल्ट्रा एसी रूट बस खजनी से अपनी यात्रा शुरू करेगी। इसके बाद सिकरीगंज, धनघटा, पौली, कलवारी, टांडा,अकबरपुर, दोस्तपुर, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि बस निर्धारित रूट पर उसी दिन वापस भी आएगी, जिससे यात्रियों को आने-जाने की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।लाल बहादुर यादव ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि यह बस सेवा आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर शुरू की जा रही है। आप सभी इस परिवहन सेवा का लाभ उठाएं और में अपनी सेवा का अवसर प्रदान करें।नई एसी बस सेवा शुरू होने की जानकारी से क्षेत्र के लोगों में उत्साह है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह सेवा खजनी, धनघटा, पौली सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए प्रयागराज तक आवागमन का एक सुविधाजनक विकल्प बनेगी।